आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 30.05.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- चार जून को होने वाली मतगणना के लिए इससे जुड़े सभी कर्मियों के लिए अंतिम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- आई आर बी एन मुख्यालय पोर्ट मोट में नई सुविधाओं और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया गया है।
- दक्षिण और मध्योत्तर अण्डमान ज़िले में अतिक्रमण हटाओं अभियान ज़ोरो पर हैं।
- बाल अधिकारों पर जानकारी देने के लिए डिगलीपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- भारतीय खेल प्राधिकरण की विशेष प्रशिक्षण केन्द्र पोर्ट ब्लेयर में विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अण्डमान की ज़िला बाल संरक्षण इकाई द्वारा कल डिगलीपुर के दुर्गापुर स्थित सामुदायिक भवन में बाल अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिगलीपुर के सहायक आयुक्त आदित्य कुमार अस्थाना मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने बच्चो ंको एक ऐसे सुरक्षित समाज उपलब्ध कराने को कहा जहां बच्चे बिना किसी भेदभाव, अहिंसा और शोषण का शिकार न हो सकें।

इस अवसर पर आंगनवाडीकार्यकर्ताओ द्वारा कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए और उन्हें पुरस्कृत किया गया। बाल देखभाल संरक्षण अधिकारी और बाल विकास परियोजना अधिकारी इंदिरा देवी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><>

तकनीकी कारणों के चलते आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर से प्राइमेरी चैनल पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों का सुबह दस बजे से दिन में चार बजे तक प्रसारण नहीं किया जा रहा है, हालांकि इस दौरान एफ. एम 100.9 पर प्रसारण जारी है।

<><><><><><>

मछुआरों को समुद्र में हो रही परेशानियों पर चर्चा करने के लिए हाल ही में तटरक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। मत्स्य जलयानों के मालिकों और मास्टर्स के लिए आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता तटरक्षक के चीफ ऑफ स्टाफ उप–महानिरीक्षक अशीष श्रीवास्तवा ने की। बैठक में समुद्र में मछुआरों की सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की गई। उनसे कहा गया कि वे सुरक्षा पहलुओं पर ध्यान दें। खराब मौसम के दौरान समुद्र में न जाएं। आपात स्थिति में एक–दूसरे को सहयोग करें। जलयानों में उचित मात्रा में जीवन रक्षक उपकरणों के साथ अपनी पहचान पत्र साथ रखें। बातचीत के दौरान मछुआरों ने लम्बी दूरी तक संचार प्रणाली उपलब्ध कराने और पोर्ट ब्लेयर में मत्स्य नौका मरम्मत सेवा विकसित करने का अनुरोध किए। मछुआरों से कहा गया कि वे समुद्र में सतर्क रहें और किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी तटरक्षक या पुलिस मरीन बल को दें।

<><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण की विशेष प्रशिक्षण केन्द्र पोर्ट ब्लेयर में विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। फुटबॉल में तीन लड़कियों का आवासीय और पांच लड़कियों का गैर–आवासीय सुविधा के साथ चयन होगा। ज़िला राज्य या स्कूल स्तर पर पदक प्राप्त खिलाड़ियों को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। कयाकिंग और कैनोइंग स्पर्धा में चार लड़के और चार लड़कियों का तथा रोइंग में सात लड़के और चार लड़कियों को चयन होगा और इन्हें आवासीय सुविधा प्रदान की जाएगी। योग्य उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। सम्पूर्ण जांच के बाद ही उम्मीदवारों का चयन होगा। आवासीय योजना के तहत चयनित प्रशिक्षणार्थियों को रहने–खाने की निःशुल्क सुविधा के साथ खेल सामग्रियां, परीक्षा की तैयारियों, शैक्षिक खर्च, चिकित्सा और बीमा जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होगी। इच्छुक उम्मीदवार अपने मूल दस्तावेजों के साथ पांच से सात जून तक सुबह साढ़े नौ बजे नेताजी स्टेडियम में साई प्रशिक्षण केन्द्र में उपस्थित हो सकते हैं।

<><><><><><>

मानसून सत्र के दौरान दुग्धपालन करने वाले किसानों के लिए एहतियात बरतने के वास्ते परामर्श जारी किया गया है। परामर्श में कहा गया है कि वे मानसून सत्र में पशुओं के लिए चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करें। पशुओं को संतुलित आहार दें। उन्हें शुद्ध और ताजे पानी उपलब्ध कराएं। छः माह से ऊपर के गर्भधारण कर चुके पशुओं को अतिरिक्त आहार दें। उनके पशुघर का विशेष ध्यान रखें। पशुओं के संबंध

में किसी भी जानकारी के लिए पशुपालन विभाग के सोशल मीडिया एक्स हैंडल का प्रयोग करें। हरे चारे का संरक्षण करें। बारिश के इस मौसम में पशुओं को बीमारी से बचाने के लिए स्थानीय वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करें। हरा चारा उपलब्ध न होने की स्थिति में पेड़ों की पत्तियां और घास आदि पशुओं को खिलाएं। किसानों से कहा गया है कि वे पशुओं के शेड में ज्यादा पशुओं को न रखें। बारिश के दौरान उनके आवाजाही को नियंत्रित करें। पानी और चारे के लिए उन्हें अधिक दूरी तय न करनी पड़े और तालाब, जो जल भराव वाले क्षेत्रों में है, वहां पशुओं को न छोड़ें। बिजली के खंभों के साथ पशुओं को न बांधने की हिदायत के साथ उन्हें बिजली के उपकरणों और ऐसे क्षेत्रों से भी दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><><>

चार जून को जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मतगणना केन्द्र में होने वाली मतगणना के लिए मतगणना पर्यवेक्षकों सूक्ष्म पर्यवेक्षकों मतगणना, सहायकों और मतगणना से सम्बद्ध कर्मचारियों के लिए चौथा और अंतिम चरण का प्रशिक्षण डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सभागार में आयोजित किया गया। निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने मतगणना कर्मियों से मुलाकात के दौरान सभी कर्मचारियों से चार जून को होने वाले मतगणना के लिए अपनी भूमिका और ज़िम्मेदारी को ईमानदारी से निभाते हुए उनकों सौंपे गए प्रत्येक कार्य को पेशेवर तरीके से करने और मतगणना हॉल के अंदर अनुशासन बनाए रखते हुए काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि चार जून को सबसे पहले सुबह आठ बजे पोस्टर बैलेट पेपर की गिनती की जाएगी। इसके बाद सुबह साढ़े आठ बजे से ई. वी. एम. की गिनती होगी। कुल मिलाकर अट्ठाईस मतगणना

टेबल लगाया जाएगा। प्रत्येक मतगणना हॉल में चौदह टेबल होंगी। उन्होंने सभी मतगणना से जुड़े कर्मचारियों को सुबह पांच बजे से पहले जे. एन. आर. एम स्थित मतगणना केन्द्र पहुंचने को कहा, ताकि सुबह पांच बजे मतगणना दल और टेबल आबटिंत किया जा सकें। मतगणना कर्मियों को वाहन की सुविधा भी प्रदान की जाएगी, ताकि वे समय पर मतगणना केन्द्र पहुंच सके।

स्रोत अधिकारी सोम नायडू ने मतगणना से जुड़े सभी लोगों को उनकी भूमिका से अवगत कराया। मास्टर ट्रेनर एम. पापा राव और उनके सहयोगी डॉ. ए. अब्राहम ने पोस्टल बैलेट पेपर्स की गिनती और ई वी एम विशेष कर कंट्रोल यूनिट और वी वी पैट मशीन के संचालन की जानकारी दी।

<><><><><><><><>

आई आर बी एन मुख्यालय पोर्ट मोट में नई सुविधाओं और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया गया है। पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने हाल ही में इस क्षेत्र में फोटो दीर्घा, आधुनिक आई आर बी एन नियंत्रण कक्ष और संचार शाखा के साथ एक नए एन सी ओ बैरक का उद्घाटन किया। एन सी ओ बैरक दो हजार दस में निर्मित किया गया था और अब आधुनिक सुविधाओं के साथ इसे नया रूप दिया गया है। इस बैरक को पूर्व पुलिस सिपाही के. मोहन राव को समर्पित किया गया है, जिनकी मृत्यु हटबे में घुसपैठ विरोधी अभियान के दौरान सत्रह जून दो हजार बीस को हो गई थी। आई आर बी एन नियंत्रण कक्ष और संचार केन्द्र में बल के वाहनों की ट्रैकिंग के लिए जी पी एस प्रणाली, वी एच एफ और कई अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इससे बटालियन के साथ संपर्क करने में काफी

सुविधा होगी। फोटो दीर्घा में भी कई चित्रों को शामिल किया गया है। उद्घाटन अवसर पर पुलिस के आला अधिकारी भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा की अध्यक्षता में राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा मायाबंदर तहसील के हरिनगर गांव में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान तीन हजार पांच सौ वर्ग मीटर ज़मीन को खाली कराया गया। जिला उपायुक्त ने लोगों से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण न करने और जो लोग भी इस तरह की गतिविधियों में शामिल हैं, उनके खिलाफ जिला नियंत्रण कक्ष में जानकारी देने को कहा है।

उधर, दक्षिण अण्डमान में भी प्रशासन द्वारा सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी है। अभियान के दौरान सरकारी ज़मीन पर अस्थाई संरचनाओं के रूप में किए गए अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। गाराचरामा और कार्बाइंस–कोव इलाकों से करीब छह सौ वर्ग मीटर ज़मीन को खाली कराया गया। दक्षिण अण्डमान ज़िला उपायुक्त ने लोगों से इस तरह की अवैध गतिविधियों से बचने और इसमें शामिल होने वालों के खिलाफ ज़िला नियंत्रण कक्ष में जानकारी देने को कहा है।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

द्वीपसमूह में कारोबार को आसान बनाने के लिए श्रम विभाग द्वारा तीनो ज़िलो ंमें अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह दुकान और संस्थान अधिनियम के तहत प्रमाण पत्र और नवीनीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन बनाए जाने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। सांसद कुलदीप राय शर्मा ने भ्रमणकारी पर्यटकों के लिए बीमा नीति निर्धारित करने का अनुरोध किया है–अण्डमान क्रोनिकल की खबर है। ज़िला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाए जाने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने जबकि टी–ट्वेंटी विश्व कप के लिए भारत की तैयारी आरंभ होने के समाचार को–इंफो इंडिया में जगह मिली है

<><><><><><><>